हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

11 बोले सो निहाल, सतश्री अकाल से गूंजा जींद



11 बच्चों में प्रयोगात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रयोगात्मक गतिविधियों में.....



## खबर संक्षेप

### अपहरण कर बेहरमी से पीटा, नकदी को छीना

**जींद।** गांव बुढ़ाखेड़ा के युवक को कार्यवश बाहर बुला कर अपहरण करने के बाद बेरहमी से पीटने, नगदी लूटने और परिजनों को फोन कर चौथ मांगने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ अपहरण, चौथ मांगने समेत भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस में सोमवार को जाट स्कूल के निकट गांव सिरटा के एक युवक पर लाठी, डंडे में गंडासियों से हमला करने के आरोप में हैफेड के फील्ड ऑफिसर सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिरटा के अमित ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत दी है।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** रामराये गेट पर व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जैन नगर निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी कुणाल से कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते कुणाल ने व उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। शहर थाना पुलिस ने राहुल की शिकायत पर कुणाल, अश्वनी, कुश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### युवती को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल ने एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना सदर पुलिस के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि आशीष उर्फ काशी नामक युवक ने 3 नवंबर को गांव बाबा लदाना से उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे दस लाख, केस दर्ज

**जींद।** महिला को विदेश भेजने का झांसा देकर वीजा में फर्जीवाड़ा कर दस लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला अपने बेटे सहित बगैर बताए लापता

**कैथल।** सनसिटी से महिला अपने बेटे सहित बिना बताए घर से लापता हो गई। संबंध में सनसिटी के एक व्यक्ति ने सिविल लाइन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 नवंबर को शाम के करीब 3:00 बजे उसकी 25 वर्षीय बेटी उसके 3 साल के बेटे के साथ बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव तलौडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक नवंबर को उसकी बहन घर से गायब हो गई।

### धान अवशेषों में आग लगाने के आरोप में किसान नामजद

**कैथल।** धान अवशेषों में आग लगाने के आरोप में कलायत पुलिस ने गांव कुराड के एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कृषि विभाग कलायत के एडीओ नरेश जैन ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हरसेक ऐप के माध्यम से निगम की टीम को सूचना मिली थी।

### नवजात बच्चों को निमोनिया से बचाने की कवायद

# अब ओपीडी में आने वाले नवजात बच्चों की हर दिन होगी मॉनिटरिंग

**बच्चे में निमोनिया के जरा से भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत होगा उपचार**

अस्पताल में प्रतिदिन नवजात व छोटे बच्चों की ओपीडी 200 तक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में बदलाव के साथ ही नवजात व छोटे-छोटे बच्चे निमोनिया की चपेट में आते हैं। समय पर उपचार न होने से निमोनिया नवजात के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग निमोनिया को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। निमोनिया पर केंद्रित सांस कार्यक्रम के तहत ओपीडी में आने वाले नवजात बच्चों की हर दिन मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि किसी बच्चे में निमोनिया के जरा से भी लक्षण दिखाई देते हैं तो उस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उपयुक्त उपचार दिया जाएगा। बाकायदा मॉनिटरिंग का कार्य आशा वर्कर, एएनएम करेंगी। निमोनिया संभावित केसों के लिए चिकित्सकों को दिए निर्देश जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन नवजात व छोटे बच्चों की ओपीडी 200 तक है। इस समय मौसम में दिन के समय गर्मी तो शाम के समय ठंडक का है। जोकि निमोनिया के अनुकूल है। ऐसे में निमोनिया से बच्चों को बचाने के लिए ओपीडी चिकित्सकों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई भी बच्चा निमोनिया संभावित मिलता है तो उस पर संज्ञान लिया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य कर्मचारियों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान करने, लक्षणों के आधार पर बच्चों के इलाज की प्रक्रिया अपनाने और गंभीर बच्चों को बिना किसी देरी के तुरंत उपचार और निगरानी में रखने सख्त निर्देश दिए गए हैं।मुख्य लक्षणः सांस लेने में कठिनाई या तेज-तेज सांस लेना। भूख न लगना या भोजन, दूध पीने में कठिनाई होना। तेज बुखार के साथ पसीना आना और कंपकंपी महसूस होना। बहुत ज्यादा और लगातार खांसी होना है।

**निमोनिया से बचाव के लिए अलर्ट**

नागरिक अस्पताल के बच्चा रोग चिकित्सक एवं पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि निमोनिया से बचाव के लिए चिकित्सकों को जरूरी दिशा-दिशा निर्देश दिए गए हैं। आशा वर्कर व एएनएम अपने-अपने क्षेत्र में नजर रखेंगी। यदि किसी बच्चे में निमोनिया के लक्षण हैं तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को देंगी ताकि समय रहते जरूरी कदम उठाकर बच्चे को बेहतर इलाज दिया जा सके। हर दिन संदिग्ध मामलों की रिपोर्टिंग की जाएगी।

**कब-कहां लगता है इंजेक्शन**

नागरिक अस्पताल में निमोनिया का इंजेक्शन छोटे बच्चों को तीन बार लगता है। एक डेढ़ महीना होने पर, दूसरा ढाई महीना होने व तीसरा नौ महीने पर लगता है। इसकी जरूरत एसएनसीयू में भर्ती बच्चों के लिए भी पड़ती रहती है। टीकारण के लिए प्रतिदिन करीब 20 से 25 बच्चे अस्पताल पहुंचते हैं। वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि निमोनिया का इंजेक्शन प्राइवेट नर्सिंग होम पर काफी मंहगा लगता है। जिसकी कीमत तीन हजार से ऊपर है। ऐसे में जरूरतमंद लोग इतना मंहगा इंजेक्शन खरीद नही पाते हैं। जबकि निमोनिया का संक्रमण बढने पर मृत्यु होने का अंदेशा रहता है। ऐसे में इस इंजेक्शन की नागरिक अस्पताल में लगाया जाता है।



अलेवा। पेगां पैक्स में खाद लेने के लिए पहुंचे किसान। फोटो :हरिभूमि

# पहुंचा डीएपी, प्रति किसान मिले पांच बैग, रही मारामारी

**बोले किसान : सीजन के बाद क्या करेंगें खाद का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पेगां पैक्स में डीएपी खाद आने की भनक लगते ही पेगां तथा आसपास गांव के किसानों की पैक्स में भीड़ लग गई। जिसको लेकर पैक्स कर्मचारियों ने पंजीकृत किसानों को प्रति किसान पांच डीएपी बैग खाद वितरित किया। पेगां पैक्स में अभी तक दो हजार डीएपी खाद के बैग पहुंचे, जबकि पैक्स के अधीन चार गांवों पड़ते हैं। ऐसे में पैक्स में अभी तक दो हजार डीएपी खाद का स्टाक पहुंचना नाकाफी है। पेगां तथा आसपास गांव के किसान विकास, हवा सिंह, रघुबीर, संदीप, महाबीर, सतपाल, बिंद्र, दलबीर, बिजेंद्र आदि का कहना है कि धान की कटाई के साथ ही गेंहू तथा सरसों की बिजाई शुरू हो जाती है लेकिन पेगां सरकारी खरीद एजेंसी पर डीएपी खाद की भारी कमी है। किसानों ने इस समस्या का पूरी तरह से कृषि विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। किसानों का कहना है कि विभाग के आला अधिकारी किसानों की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। हालांकि नगूरां, अलेवा समेत दर्जनों निजी खाद दुकानदारों के यहां किसानों की भीड़ लगी दिखाई देती है।

**सौलह हजार कट्टों की डिमांड भेजी**

पेगां पैक्स के मैनेजर राजपाल ने बताया कि पेगां पैक्स से 16 हजार डीएपी खाद के कट्टों की डिमांड कृषि विभाग को भेजी हुई है। डीएपी खाद के लिए किसान सरकारी खरीद एजेंसी (पैक्स)पर आ रहे हैं लेकिन उनके पास अभी तक दो हजार बैग डीएपी खाद ही मिला है। जिससे प्रति किसान को चार से पांच बैग वितरित कर अभी तक काम चलाया जा रहा है।

# पराली जलाने की बजाय वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करें या खेतों में मिलाएं

- जुलाना प्रशासन ने कई गांवों में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



नंदगढ़ गांव में फ्लैग मार्च निकालते प्रशासन।

पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण और किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को उपमंडल जुलाना प्रशासन की ओर से विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च एसडीएम होशियार सिंह के नेतृत्व में किया गया। फ्लैग मार्च करसोला, लजवाना खुर्द, फतेहगढ़ और लजवाना कलां गांवों में निकाला गया। इस दौरान एसडीएम के साथ कृषि विभाग, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम होशियार सिंह ने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने की बजाय उसे वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करें या खेतों में मिलाएं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए मशीनरी पर सब्सिडी दे रही है। जिससे खेतों की उर्वरक क्षमता भी बनी रहती है और प्रदूषण भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि पराली जलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एमपीएचडब्ल्यू की हड़ताल से युवीन पोर्टल ठप

**मांगो को जल्द पूरा करे सरकार : शर्मिला देवी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





एमपीएचडब्ल्यू की गत 25 अक्टूबर से ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल से मंगलवार को आयोजित टीकाकरण कैंपो में यूवीन पोर्टल नहीं चल पाया व गर्भवती महिलाओं एवं नवजात को मिलने वाले मैसेज एवं डिजिटल प्रमाण पत्र नही मिल पाए। एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला वित सचिव धर्मवीर एवं वरिष्ठ उप प्रधान सुनील ने बताया कि आमजन को आ रही परेशानी का हमें खेद है। एसोसिएशन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नही है बशर्ते सरकार एसोसिएशन की जायज मांगों पर गौर करे। राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि ऑनलाइन एंट्री न होने के चलते गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले आरसीएच नंबर, गैर संक्रामक रोगों का ऑनलाइन डाटा, टीबी मरीजों का पोषण भत्ता एवं दवा वितरण रिकॉर्ड, आशा वर्कर पेमेंट, डिजीज सर्वेलेंस, निरोगी हरियाणा सहित कई निगरानी पोर्टल ठप हैं। एमपीएचडब्ल्यू वर्ग द्वारा डिजिटल हड़ताल का प्राथमिक उद्देश्य ऑनलाइन कार्यों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेह तय करवाना है। अधिकारियों के ढुलमुल रवैये के चलते सारा काम एमपीएचडब्ल्यू वर्ग पर डाल दिया गया है। महासचिव सहदेव आर्य ने कहा कि जब तक सरकार द्वारा पहले नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय नही की जाएगी, अतिरिक्त ऑनलाइन कार्यों के लिए मानव संसाधन ऑपरेटर की नियुक्ति व उचित तकनीकी संसाधन जैसे लैपटॉप, टैबलेट व इंटरनेट की सुविधा नहीं दी जाएगी तब तक प्रदेशभर में ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों का बहिष्कार जारी रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

महासचिव सहदेव आर्य ने बताया कि छह नवंबर को एनएचएम में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू की ग्रेड पे, वर्दी भत्ता, एमसीएच अलाउंस, रिटायरमेंट बेनिफिट सहित अनेक मांगों के लिए सभी सिविल सर्जन कार्यालयों पर रोष प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे।



कैथल। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

### ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कनाडा भेजने के नाम पर ठगी करने के एक मामले की जांच इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में पीएसआई संदीप की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला करनाल के गांव बल्ला निवासी भूपेंद्र को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की चौशाला गांव निवासी राजेश कुमार की शिकायत अनुसार वह अपने भतीजे विक्रम को आस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। इसके लिए उसने नोएडा में रहने वाले मयंक और सिद्धार्थ से बातचीत की। आरोपियों ने उसके भतीजे को 40 लाख रुपये में आस्ट्रेलिया भेजने की बात कही। मई 2024 में आरोपियों ने उससे अलग-अलग समय में 36 लाख 78 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद दोनों आरोपियों ने करनाल के बल्ला गांव निवासी भूपेंद्र, गांव लखनौती सहारनपुर, यूपी निवासी प्रवीन के साथ मिलकर उसे साथ ठगी कर ली। आरोपियों ने उससे जिस खाते में रुपये डलवाए, वह फर्जी आधार कार्ड पर खुलवाया गया था। जब उसे इसके बारे में पता चला और आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे पैसे वापस देने से मना दिया।

# कैथलः 4 किलो 672 ग्राम चरस बरामदगी मामले में उत्तराखंड का सप्लायर गिरफ्तार

**आरोपित पांच दिन के पुलिस रिमांड पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



4 किलो 672 ग्राम चरस सप्लाई मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सता दोनी उतरकाशी उत्तराखंड निवासी बबलु को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अक्तुबर को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी के एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर ढांड कैथल रोड़ पर पुलिस लाईन के पास नाकाबंदी दौरान ढांड की तरफ से आई एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को रुकवाकर आरोपी कमालपुर निवासी रामजुआरी न उसका साथी बड़सीकरी खुर्द निवासी राजेश को काबू किया गया था। जिनके कब्जे से एक थैले से 4 किलो 672 ग्राम चरस बरामद हुई था। आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई एसआई जोगिंद्र सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आरोपी रामजुआरी का व्यापक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। आरोपी रामजुआरी ने पूछताछ दौरान कबूल किया कि उन्हें यह चरस बबलु उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी रामजुआरी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी बबलु का अदालत से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।



सीवन। मेन रोड पर टूटी पाइप लाइन दिखाता दुकानदार।

### पेयजल पाइपलाइन लीक, बनी परेशानी

**सीवन।** नगर में कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन लीक होने के कारण आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य मार्ग पर राजकुमार वधवा, राजेश व बॉबी की दुकान के पास पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन लीक कर रही है, जिससे सड़क पर पानी बहकर दुकानों के सामने जमा हो गया है। इस कारण न केवल कीचड़ बन गया है, बल्कि दुकानों के बाहर खड़ा पानी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि पानी जमा होने से ग्राहकों का आना-जाना मुश्किल हो गया है और उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। दुकानदार राजकुमार वधवा, राजेश व बॉबी और अन्य दुकानदारों ने बताया कि पाइपलाइन लीक होने की जानकारी कई दिन पहले ही संबंधित विभाग को दे दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत करने के बावजूद पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की जा रही, जिससे रोजाना दुकानदारों और राहगीरों को समस्या झेलनी पड़ रही है।

**बीमा व पासिंग के बाद लंबे रूटों पर बसों को चलाया जाएगा**

# खुशखबरीः कैथल जिले को मिली 10 नई बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथलवासियों के लिए खुशखबरी है। कई माह से नई बसों का इंतजार समाप्त हो गया है। सरकार द्वारा हरियाणा रोडवेज कैथल को 10 नई बस दी है। ये बस मंगलवार को डिपो में पहुंच गई है। इन बसों के संचालन से यात्रियों को फायदा होगा। बताया जा रहा है कि विभाग की कागज कार्रवाई बीमा व पासिंग के बाद लंबे रूटों पर अधिकतर बसों को चलाया जाएगा। बता दें कि जिले की जनसंख्या को देखते हुए बस कम पड रही थी जिस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा था। विभाग को डिपो में बस कम पड़ने से कई बार दिल्ली रूट पर टाइम बंद करना पड़ रहा है। अब सभी रूटों पर बस सेवा सुचारू रूप से जारी रहेगी। बता दें कि डिपो में काफी समय से एनसीआर क्षेत्र के जिलों से कंडम होने वाली करीब 72 पुरानी बसें कैथल आ गई है। इनमें से अधिकतर बसें बीच रास्ते में खड़ी हो जाती है। इससे यात्री परेशान हो रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि इन पुरानी बसों की जगह नई उपलब्ध करवाई जाए, ताकि रोडवेज डिपो नई बसों का हो जाए। कैथल जिला की बात करें तो यहां पर लीज समेत रोडवेज की 197 बसें हो गई हैं। इनमें 23 लीज की बसें शामिल हैं। इससे पहले रोडवेज विभाग के पास खुद की 164 बसें थी, अब उनकी संख्या बढ़कर 174 हो गई हैं। बीएस 3 की 52 बसें, बीएस-4 की 47 व बीएस 6 की 75 बसें हो गई है। नई बसों के बावजूद 250 बसों के बेड़े में 53 बसों की ओर जरूरत है।

**बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी**

हरियाणा रोडवेज कैथल के महाप्रबंधक कमलजीत सिंह ने बताया कि कैथल डिपो को मंगलवार को 10 नई बसें मिली हैं। जल्द ही कागजी कार्रवाई उपरांत इन बसों को दिल्ली व चंडीगढ़ रूटों पर बसों का संचालन किया जाएगा। बसों की संख्या डिपो में लीज समेत 197 हो गई है। इससे यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

**आय में होगा इजाफा**

एसी बसों के रूट पर चलने के बाद डिपो की आमदनी में भी इजाफा होगा। अब रोजाना 12 से 14 लाख के करीब आमदनी होती है। जो बढ़कर 18 के आसपास पहुंचने की उम्मीद है। रोजाना 15 से 16 हजार के करीब यात्री कैथल डिपो की बसों में सफर तय करते हैं। यात्री रामकुमार ने बताया कि नई बसें शामिल होने से रूटों पर बसों की कमी नहीं रहेगी।चंडीगढ़, दिल्ली, हिसार रूटों पर घंटों बसों का स्टॉपेज पर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। समय पर अपने गंतव्य पर पहुंच सकें।



जींद। मांगों को लेकर डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### डीसी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने जींद जिला की छात्रा के साथ कालेज में हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने रोष बैठक की। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने की। उन्होंने बताया 16 अक्टूबर को जब वो 20 साल की छात्रा कॉलेज के लिए घर से निकली और दोपहर दो बजे जब उसे छात्र के पास उसकी छोटी बहन का फोन आया तो जल्द ही घर घर आने की बात कह कर फोन काट देती है। उसके बाद छात्रा का फोन बंद हो जाता है। जिससे कि यह सब जाहिर होता है कि यह गंदी हरकत खराब मानसिकता रखने वाले लड़कों ने सोच समझ कर जाल बिछाते हुए की है। छात्रा को बहला कर प्रेम के नाम पर होटल में ले गए और इसके बाद सभी दोस्तों ने मिल कर सामूहिक बलात्कार किया। यह घटना पूरे हरियाणा समाज के लिए शर्मनाक है।



# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

लाइफ Style



# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।


अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते



दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है। दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## खबर संक्षेप

### रत्नावली में प्रतिभागियों ने जीते कई पुरस्कार

**उचाना।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में चल रहे तीन दिवसीय रत्नावली महोत्सव में राजीव गांधी कालेज उचाना की टीम ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया। यहां अनेकों पुरस्कार जीतकर नाम रोशन किया। सांस्कृतिक गतिविधियों की संयोजिका डा. प्रीति ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीएससी की छात्रा नगिता ने प्रथम पुरस्कार जीता।

### व्यक्तित्व विकास पर किया मार्गदर्शन

**जींद।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को प्लेसमेंट सैल के तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य व व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष कुमार ने की तथा मुख्य तौर पर प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नरेश जागलान ने हिस्सा लिया। मंच संचालन प्लेसमेंट प्रभारी प्रो. सीमा कश्यप ने किया।

### छात्राओं ने बास्केटबाल में पाया तीसरा स्थान

**जींद।** सर छोटूराम कालेज में आयोजित जिला बास्केटबॉल सीनियर प्रतियोगिता में में एसडी स्कूल की सीनियर छात्राओं ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर किया। उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासक जिले सिंह श्योकंद, डायरेक्टर डा. नेहा गोयल तथा प्राचार्य सुरेंद्र राणा ने विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही विद्यालय प्रशासन ने कोच सतप्रकाश भटनागर के योगदान की सराहना करते खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की।

### सोशल मीडिया का उपयोग समझदारी जिम्मेदारी से करें

**उचाना।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना के तत्वाधान में घोघड़िया गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किशोर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए किशोरों पर हार्मोनल संवेदनशीलता और सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर आयोजित सेमिनार आयोजित हुआ।

### डाकघर में मिलेगी आधार कार्ड से संबंधित सुविधाएं

**उचाना।** उचाना डाकघर के सब पोस्टमास्टर ललित वर्मा ने बताया कि ने बताया कि डाकघर में आधार कार्ड की सभी सुविधाएं शुरू कर दी गई है। पहले आधार कार्ड बनवाने के लिए जींद या सीएससी सेंटर में जाना पड़ता था। अब यह सुविधा पोस्ट ऑफिस में शुरू हो चुकी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी आमजन को अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाना है तो वे आवश्यक दस्तावेज लेकर डाकघर में आएं।

### वेदा इंटरनेशनल स्कूल ने पाया प्रथम स्थान

**नरवाना।** वेदा इंटरनेशनल स्कूल ने हाल ही मे भाविप द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग मे प्रथम स्थान हासिल किया प्राचार्या सिल्की चोपड़ा ने बताया की प्रतियोगिता मे क्षेत्र के 12 प्रमुख स्कूल ने भाग लिया। फाइनल राउन्ड दोनों मे प्रथम स्थान पर रहे वेदा इंटरनेशनल स्कूल की टीम 23 को स्तरीय प्रतियोगिता मे नरवाना का प्रतिनिधित्व करेगी।

### जेबकतरों ने लाखों की चेन व नकदी चुराई

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस ने सिसला धाम से एक व्यक्ति की जेब से लाखों रुपए की सोने की चेन व नकदी चुराने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल के सुरेंद्र गोयल ने थाना तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 नवंबर को वह सिसला धाम पर पूजा अर्चना के लिए गया था।

### चोरी मामले में बेल जंपर काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ के एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी डोगरा गेट कैथल निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर 24 मार्च 2021 को गांव सिरटा खेतों से टयुबवैल तार चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज है। आरोपी को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था।

---

*गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर निकला भव्य नगर कीर्तन*

# बोले सो निहाल, सतश्री अकाल से गूंजा जींद

## लोगों ने पालकी साहिब के समक्ष माथा टेक कर खुशी का किया इजहार

ईश्वर एक है, सर्वत्र विद्यमान है, सबके साथ प्रेम पूर्वक रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूरे विश्व को एकता, भाईचारे, ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाने वाले प्रथम पातशाही गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर मंगलवार को शहर में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में विभिन्न समुदायों के लोगों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी साहिब के समक्ष माथा टेक कर अपनी खुशी का इजहार किया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह के अनुसार नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब को पालकी में शानदार ढंग से सुशोभित किया गया तथा पालकी साहिब की अगुवाई गुरु के पंज प्यारे कर रहे थे तथा पीछे-पीछे समुह संगत सतनाम वाहेगुरु एवं गुरबाणी का जाप करती हुई नगर कीर्तन के साथ चल रही थी। जबकि सुखमणी साहिब की सेवादार पंज प्यारों के साथ आगे-आगे वाहेगुरू नाम का सिमरण करे हुए झाड़ू की सेवा लगा रही थी। गुरु तेग बहादुर हाई स्कूल एवं शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चे रंग बिरंगी पोशाकें डाल कर डंबल, लेजियम व भंगड़ा की मनमोहक झांकियां पेश कर रहे थे। नगर कीर्तन गुरूद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब से आरंभ हो कर पुरानी कचहरी, सिटी थाना, फव्वारा चौक, रामराये गेट, बैंड मार्केट, झांझ गेट होते हुए सिंह सभा गुरूद्वारा पहुंचा। यहां जलपान ग्रहण कर नगर कीर्तन वापसी के लिए रुपया चौक, बत्तख चौक, सफीदों गेट, सफीदों रोड, बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक, बाल भवन रोड, रानी तालाब होते हुए सायं गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब पर संपन्न हुआ। यहां पर हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह निम्नाबाद व गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा ने समूह स्टाफ एवं समूह संगतों के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के स्थानीय प्रतिनिधि राजन चिल्लाना विशेष रूप से नगर कीर्तन में नतमस्तक हुए तथा संगत को गुरुपर्व की बधाई दी।



जींद। नगर कीर्तन के साथ चल रहे पंज प्यारे (छोटे बच्चे)। फोटो :हरिभूमि



जींद। नगर कीर्तन के दौरान वाहेगुरू का जाप करते श्रद्धालु महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। नगर कीर्तन के साथ चल रही साध संगत। फोटो :हरिभूमि



जींद। नगर कीर्तन के दौरान गतका खेलते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

### गतका जौहर दिखा किया मंत्रमुग्ध

गुरूघर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन में रणजीत अखाड़ा के सेवादारों ने गतका के करिश्माई जौहर दिखाए। जिसमें गतके के साथ-साथ तलवारबाजी का शानदार प्रदर्शन किया गया। स्कूली बच्चों ने गिद्दा, डंबल व पीटी शो किया। नगर कीर्तन से पहले अमृत सवेरे श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में जाकर अपने गुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था भी टेका। इसके अलावा भाई कन्हैया सेवा दल, भाई सोमाशाह सेवा दल, सभी सुखमणी सेवा सोसायटियां तथा गुरु तेग बहादुर सेवादल की सेवादार शुरू से लेकर आखिर तक नगर कीर्तन की सेवा में लगे रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी की पूर्व सदस्य बीबी परमिंदर कौर, जत्थेदार गुरजिंदर सिंह, मेजर सिंह, प्रिंस बोपाराय, जोगिंदर सिंह, इकबाल सिंह, मालिक सिंह चीमा, हरविंदर सिंह, सरदार जसबीर सिंह टीटी, सरदार रमनदीप सिंह, सरदार कृपाल सिंह, सरदार जरनैल सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह पाहवा, सरदार इंद्रजीत सिंह, दलजीत सिंह, शोभा सिंह, सरदार जसकरण सिंह, दर्शन सिंह, सतनाम सिंह, रतन सिंह हरबंस सिंह मौजूद रहे।

### अहंकार मानव को मनुष्य नही रहने देता

करनैल सिंह निम्नाबाद ने कहा कि गुरू महाराज ने अपनी वाणी में कहा है कि संसार को जीतने से पहले स्वयं अपने विकारों पर विजय पाना अति आवश्यक है। अहंकार मनुष्य को मनुष्य नही रहने देता है। अतः अहंकार कभी नही करना चाहिए बल्कि विनम्र हो सेवाभाव से जीवन गुजारना चाहिए। गुरु नानक देव पूरे संसार को एक घर मानते थे। जबकि संसार में रहने वाले लोगों को परिवार का हिस्सा समझते थे। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने कहा कि ईश्वर एक है और वह सर्वत्र विद्यमान है। इसलिए सबके साथ प्रेमपूर्वक रहना चाहिए। किसी भी तरह के लोभ को त्याग कर अपने हाथों से मेहनत कर एवं न्यायोचित तरीकों से धन का अर्जन करना चाहिए। कभी भी किसी का हक नही छीनना चाहिए बल्कि मेहनत और ईमानदारी की कमाई में से जरूरतमंद को भी कुछ देना चाहिए। धन को जेब तक ही सीमित रखना चाहिए, उसे अपने हृदय में स्थान नहीं बनाने देना चाहिए। स्त्री का हमेशा आदर करना चाहिए। तनावमुक्त रह कर अपने कर्म को निरंतर करते रहना चाहिए तथा सदैव प्रसन्न भी रहना चाहिए।



जींद। गुरूद्वारा सिंह सभा का भ्रमण करते हुए बच्चे।



जींद। नगर कीर्तन में पालकी में सजाए गए गुरु ग्रंथ साहिब। फोटो :हरिभूमि

### गुरु नानक प्रकट होया, मीटी धूंध जग चानन होया

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरूनानक देव जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। कार्यक्रम में गुरूनानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओ को बच्चों द्वारा बड़े ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया। गुरूनानक प्रकट होया, मीटी धूंध जग चानन होया। इस प्रकार से विद्यार्थियों द्वारा शब्द-कीर्तन, गायन, प्रभातफेरी, आनंद पाठ एवं गुरूनानक देव जी की शिक्षाओं का मंचन बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग से स्वदेश ने संगीत की प्रस्तुति देकर माहोल संगीतमय बना दिया। प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने इस धरती पर जन्म लेकर लोगों को भक्ति का मार्ग दिखाया और कर्म करो, नाम जपो, सिमरन करो और मिल बांट कर भोजन ग्रहण करों।



पूंडरी। गुरु पूर्व पर कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्कूल स्टॉफ।



पूंडरी। पालकी साहब के सामने चल रहे पंच प्यारे व पालकी साहब।

### पूंडरी में नगर कीर्तन निकाला

**पूंडरी।** गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की पूर्व संध्या पर पूंडरी शहर में सिख संगत द्वारा नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें काफी संख्या में सिख समाज के महिलाओं, बच्चों व लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर पूरे नगर की मुख्य गलियों व सडको पर गुरु ग्रंथ जी की जी हजूरी में नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें जगह-जगह पर लोगों द्वारा चाय, पकौड़ा व फलों का लंगर लगाया गया। नगर कीर्तन के दौरान गुरु ग्रंथ साहब की पालकी साहब के आगे-आगे सर्वसमूह द्वारा पानी का छिडकाव कर झाड़ू लगाया जा रहा था। पालकी साहब के सामने गुरु जी के पांच प्यारे चल रहे थे। इस दौरान शब्द कीर्तन का गायन भी किया जा रहा था। सिख जवानों द्वारा नगर कीर्तन के दौरान गतका भी खेला जा रहा था। गुरुद्वारा सिख सभा पूंडरी के प्रधान बलविंद्र सिंह कंबोज व वाइस प्रधान देवेंद्र चीमा ने बताया कि गुरु जी के प्रकाशोत्सव के मौके पर हर वर्ष नर कीर्तन निकाला जाता है।

### गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिवस मनाया

**गुहला-चीका।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला, तारांवाली में गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण, कविताएं और शबद-गायन के माध्यम से गुरु नानक देव जी के उपदेशों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य लखविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सेवा का संदेश दिया था। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, भजन प्रतियोगिता और गुरु वाणी पाठ जैसी गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय में भक्ति और उत्साह का वातावरण छाया रहा। एबीआरसी नीरू भार्गव ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी और प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।



गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भजन व शबद-गायन प्रस्तुत करते विद्यार्थी।



जींद। गुरूद्वारा सिंह सभा का भ्रमण करते हुए बच्चे।

### गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

**जींद।** इंडस पब्लिक जूनियर विंग के विद्यार्थियों को गुरुनानक देव जी के जन्मदिन के उपलक्ष में जींद के ऐतिहासिक श्री मंजी साहिब गुरुद्वारा ले जाया गया। जहां सभी विद्याथी बड़े श्रद्धाभाव से नतमस्तक हुए। वहां उन्होंने कड़ा रसाद के साथ-साथ शब्द कीर्तन का भी आनंद लिया। विद्यार्थियों को गुरुनानक देवजी की शिक्षाओं के बारे में बताया गया कि ईश्वर हर एक प्राणी में विद्यमान है। इसलिए हमें सभी के साथ प्रेम और समानता का व्यवहार करना चाहिए। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि गुरुनानक देव जी का जीवन हमें सादगी, विनम्रता, सहयोग, सेवा और ईमानदारी की सीख देता है। हमें हमेशा उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

---

### साफ-सफाई हमारे जीवन में महत्वपूर्णः अभय सिंह

**राजौंद।** नगरपालिका राजौद में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ शहर स्वच्छ जोड़ी को लेकर करनाल की मेयर व हरियाणा मेयर एसोसिएशन की प्रधान रेनू बाला गुप्ता ने बैठक ली। इस दौरान महापौर नगरनिगम करनाल व अभय सिंह यादव, उप निगमायुक्त, नगरपालिका प्रधान बबीता व नगर के लोगों ने भाग लिया। बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान लोगों ने स्वच्छता को लेकर आ रही समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को लेकर प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं और लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान मेयर ने कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत।

### गुरु नानक देव की जयंती मनाई

**सीवन।** माता गुजरी पब्लिक स्कूल, कांगथली के प्रांगण में प्रथम सिख गुरु एवं सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर में भक्ति, श्रद्धा और गुरु प्रेम का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने गुरु वाणी का गुणगान करते हुए पूरे परिसर में सतनाम वाहे गुरु के जयकारे लगाए। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इस अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा चौथी की छात्राओं अशमीत कौर और नवरोज ने गुरु नानक देव को समर्पित सुंदर कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात कक्षा पांचवीं के सिमरनजीत सिंह और उनके साथियों ने भावपूर्ण शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा सातवीं की मनप्रीत कौर व उनकी सहेलियों ने ऊठ वे गुरु के लाल शब्द के माध्यम से गुरु की शिक्षाओं का संदेश दिया।



आपदा प्रबंधन में भाग लेने वाले आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### वरिष्ठ नागरिक समाज की अनमोल धरोहर

**गुहला-चीका।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन तथा एल्मिको के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हॉल में वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने रिबन काटकर किया। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि यह शिविर भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक समाज की अनमोल धरोहर है। बुजुर्गों के जीवन, अनुभव, ज्ञान और योगदान समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक सम्मान और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जोकि काफी लाभप्रद होते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर होनी आवश्यक है।

### सिल्वर मेडल विजेता को किया सम्मानित

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने दिव्यांग शूटर अंग्रेज सिंह सोलंकी पुत्र सुल्तान सिंह निवासी खेड़ी तलौडा जिला जींद को अल आइन साऊदी अरेबिया में आयोजित पैरा वर्ल्ड कप शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल पर निशाना साध कर अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया है। दिव्यांग शूटर अंग्रेज सिंह सोलंकी जो की 80 प्रतिशत शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। एसपी कुलदीप सिंह ने खुशी जाहिर की तथा अंग्रेज सिंह को मेडल पहना कर खिलाड़ी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अंग्रेज सिंह विकलांग होते हुए भी और घर का माहौल देखते हुए अपनी मेहनत नहीं छोड़ी और देश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह ने भी अग्रेज सिंह का हौंसला बढाया ओर भविष्य की मगंलकामना की।



सीवन के गांव कांगथली के स्कूल में गतका कला का प्रदर्शन करते।

### आपदा प्रबंधन शिविर में भाग लिया

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के 50 एनसीसी कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट रघुवीर लांबा के नेतृत्व में 10 हरियाणा बटालियन, कुरुक्षेत्र तथा हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित 10 दिवसीय आपदा प्रबंधन शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह शिविर 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अरुणाय मंदिर, पेहोवा में आयोजित किया गया। शिविर का प्रमुख उद्देश्य कैडेट्स को प्राकृतिक एवं मानव-जनित आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, अग्निकांड या युद्ध की स्थिति में राहत कार्यों में सेना एवं अन्य संस्थाओं की प्रभावी सहायता करने हेतु प्रशिक्षित करना था। इस प्रशिक्षण शिविर में चार जिलों — सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र और कैथल — से कुल 340 एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें सर्वाधिक संख्या आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल की रही। कैंप से लौटने पर कॉलेज पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने सभी कैडेट्स का हार्दिक स्वागत किया और उन्हें इस प्रकार के राष्ट्रीय हित से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। कहा कि ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों में अनुशासन और नेतृत्व गुण विकसित करते हैं।

### पहले दिन 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**नरवाना।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा संचालित श्री जयराम नेत्रए दंतए प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में चल रहे फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में मंगलवार को 50 से अधिक मरीजों की जांच की गई। कैंप में डॉण नवदीप घनघस और डॉण मोनिका घनघस द्वारा विभिन्न रोगों की जांच और परामर्श दिया गया। डॉण मोनिका धनघस ने बताया कि कैंप में जोड़ों के दर्दए हड्डियों में कमजोरीए एलर्जी और त्वचा संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को सही समय पर रोग की पहचान होती है और नियमित जांच की आदत भी बढ़ती है। हमारा उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना है।

---

**कार्यक्रम** जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी का किया आयोजन

# बच्चों में प्रयोगात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रयोगात्मक गतिविधियों में प्रतिभागी बनाया जाए

सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में प्रयोगात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस प्रदर्शनी में कक्षा 5 से 9 तथा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किये। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान श्री बलजिंदर बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल,कोषाध्यक्ष श्री बलकार नैन, जाट महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विमी दुआ (भौतिक विज्ञान), और सीमा बेनीवाल (वाणिज्य ) ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने बताया कि इस प्रदर्शनी से बच्चों में प्रयोगात्मक सोच विकसित करने तथा कार्य करके सीखने के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए ये जरूरी है कि उनको प्रयोगात्मक गतिविधियों में प्रतिभागी बनाया जाए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से गहन प्रश्न पूछे जिनके विद्यार्थियों ने गहनता से सटीक जवाब भी दिए। मॉडल प्रदर्शनी के तहत उपभोक्तावाद की संस्कृति,पर्यावरण, वायु प्रदूषण, प्रकृति बचाओ, जल संरक्षण, स्वच्छ भारतअभियान,सोलर पैनल, ग्लोबल वार्मिंग, सोलर सिस्टम, पवन चक्की, 3D शेप, मुनि आश्रम, हरियाली तीज,पार्ट्स ऑफ़ स्पीच को दर्शाया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका सीमा बेनीवाल और विमी दुआ ने निभाई।



कैथल। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### प्रोजेक्ट की खूब सराहना

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आठवीं की छात्राएं ( मन्नु,अंशिका) स्मार्ट सिटी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सातवीं की छात्राएं (दीपांशी, दिया, मानवी) वर्षा जल संचयन, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 11वीं के छात्र (प्रतीक,जयंत, कमल) भूकंप रोधी भवन को पुरस्कृत किया गया। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढोल,कोषाध्यक्ष बलकार नैन, जसबीर, सत्यवान माजरा, राजपाल, सन्नी,स्वतंत्र पाल, दलबीर, विक्रम, महावीर कुंडू, महावीर राविश और रजत रापड़िया सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट की खूब सराहना की। सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**सूचना**

मैं, नरेन्द्र पुत्र श्री राज सिंह निवासी मकान नंबर 352, वार्ड नंबर 29, राम नगर, रोहतक रोड, नजदीक सैणी धर्मशाला, जींद, तहसील व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रचना मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए रखवाए डस्टबिन

**जींद।** नगर परिषद जींद द्वारा जींद शहर को स्वच्छ बनाने के लिए जींद शहर में डस्टबिन रखे गए। हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत नगर विशेष दिन द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र पार्क, कमर्शियल क्षेत्र मार्केट और फुटपाथ पर लगभग 124 डस्टबिन रखवाए गए हैं ताकि लोग कचरा इधर-उधर ने डालें और शहर में गंदगी ना फैले। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आईईसी एक्सपर्ट संजीव चहल ने डा. अनुराधा सैनी का बुक्का देकर स्वागत किया।

### स्वास्थ्य कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन

**जींद।** नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) में कार्यरत बहुउद्देश्यीय महिला स्वास्थ्य कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन राज्य कमेटी के आह्वान पर सिविल सर्जन कार्यालय पर छह नवंबर को प्रदर्शन करेगी और ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक खरकरामजी एसोसिएशन के प्रधान संदीप सिंगरोहा ने कहा कि छह नवंबर को सिविल सर्जन कार्यालय पर एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेगी व ज्ञापन देगी।

### फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर की बैठक

**कैथल।** फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर मंगलवार को कैथल एसडीएम अजय सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें खंड कैथल के कृषि, उद्यान, पंचायत, राजस्व व पशुपालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। एसडीएम अजय सिंह ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्रत्येक गांव में गुरुद्वारा व मंदिर में मुनादी, नुक्कड सभाएं व जागरूकता शिविरों का आयोजन करने व खेतों का भ्रमण करना सुनिश्चित करें।

### नशा मुक्ति पर पुलिस का जागरुकता अभियान

**कैथल।** जिला कैथल पुलिस द्वारा विभिन्न पुलिस टीमों द्वारा गांवों, स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा नशामुक्त समाज निर्माण व नशा न करने की शपथ दिलाई जा रही है । एसपी उपासना ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, मन और परिवार को खोखला कर देता है। इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है।

### दुर्गा मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन

**राजौंद।** स्थानीय दुर्गा मंदिर में मंगलवार को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर मां का गुणगान किया। इस मौके पर महिला सकीर्तन मंडल की सदस्यो ने कहा कि स्वस्थ मन में ही भगवान का वास होता है। श्रीमद्भागवत में ही ज्ञान की गंगा है। कलियुग में केवल एक ईश्वर का नाम ही सहायक है। उन्होंने बताया कि कीर्तन के साथ जुड़कर ही जीव अपना जीवन सुखी बना सकता है। सच्चे मन से भागवत कथा का श्रवण करने से पाप मुक्ति के सारे मार्ग खोल देता है। प्रत्येक व्यक्ति को भगवान की आराधना करनी चाहिए।

## दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का रंगारंग समापन

# फॉक डांस में आईटीआई जींद की मोनिका रही प्रथम




जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रूद्राक्ष मिड्ढा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में जिला युवा एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का समापन मंगलवार को हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिढ़ा के बेटे रुद्राक्ष मिड्ढा ने किया। महोत्सव के तहत लोकनृत्य, लोकगीत, गीत, संगीत, पेंटिंग, कहानी लेखन और विज्ञान प्रदर्शनी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि युवा केवल भविष्य नही वर्तमान के निर्माता हैं। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का यह सराहनीय प्रयास है कि राज्य के युवाओं को एक ऐसा मंच मिले, जहां वे खेल, संस्कृति, संगीत, नाटक, कला और समाज सेवा जैसे सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। जिस समाज में युवा जागरूक और सृजनशील होता है वहां विकास अपने आप रास्ता बना लेता है। हरियाणा की मिट्टी ने देश को सैनिक, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और समाजसेवी दिए हैं। यह युवा महोत्सव नई प्रतिभाओं को जन्म दे रहा है।

### यह रहे परिणाम

राजकीय आइटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि ग्रुप फॉक डांस में राजकीय आइटीआइ जींद की छात्रा मोनिका प्रथम, राजकीय आइटीआई नरवाना की छात्रा तमन्ना ने दूसरा और राजीव गांधी राजकीय पालीटेक्नीक नरवाना की छात्रा निकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रुप फॉक गायन में राजकीय आइटीआइ जींद की छात्रा नेहा प्रथम, तक्षशीला इंटरनेशल स्कूल भंभेवा की छात्रा दीपिका दूसरे स्थान पर रही। कविता लेखन में सरला मैमोरियल कालेज सफीदों की छात्रा मानसी प्रथम, राजकीय महिला कालेज जींद की छात्रा मीनू दूसरे व हिंदू कन्या कालेज की छात्रा सजदा ने तीसरा स्थान हासिल किया। कहानी लेखन में राजकीय कालेज जींद के विद्यार्थी सुकांत ने प्रथम, राजकीय आइटीआइ महिला विंग जींद की छात्रा खुशी ने दूसरे व राजकीय महिला कालेज जींद की छात्रा पूनम ने तीसरा स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में शिक्षा ने प्रथम, राजकीय महिला कालेज जींद की छात्रा विभा ने दूसरा व राजकीय आइटीआइ नरवाना के विद्यार्थी सत्यवान ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में तमन्या ने प्रथम, सौरभ ने दूसरा व योगेश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## डीसी ने युवा महोत्सव के विजेताओं को बांटे इनाम

# समाज के विकास में योगदान दें युवा : डीसी




कैथल। डीसी प्रीति जिला युवा महोत्सव का शुभारंभ करते हुए व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी तथा उपस्थित जनसमूह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि युवाओं को समाज के विकास में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। यदि हम सभी अपनी-अपनी जिम्मेवारी का सही ढंग से निर्वहन करें, तो सभ्य समाज की स्थापना हो सकती है। डीसी प्रीति मंगलवार को राजकीय आईटीआई कैथल में जिला युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रही थी। डीसी ने युवाओं का आह्वान किया कि वे ध्यान और संगीत से जुडें तथा हमेशा अपनी सोच को सकारात्मक रखें। यदि हम कभी भी तनाव या थकान महसूस करते हों तो तुरंत अच्छी पुस्तकें पढ़ें तथा अपने दोस्तों व परिजनों से बातचीत करें। अच्छी पुस्तकें व सभ्य समाज के लोग हमें नई ऊर्जा देने का काम करते हैं। कार्यक्रम के चेयरमैन चीनी मिल के एमडी कृष्ण कुमार ने कहा कि डीसी के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला युवा समन्वयक अधिकारी सतीश मच्छाल ने डीसी प्रीति व एमडी कृष्ण कुमार का स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रणधीर ढांडा ने किया।

### यह रहे परिणाम

लोक नृत्य समूह ओएसडीएवी स्कूल की सादिका एवं ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद से अंजली ग्रुप ने द्वितीय व राजकीय आईटीआई कैथल से यिशका ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक गीत ग्रुप विद्या में माइल स्टोन पब्लिक स्कूल कैथल से प्रतिभा एवं ग्रुप पहले, आरकेएसडी कॉलेज कैथल से मानसी एवं ग्रुप दूसरे तथा ओएसडीएवी स्कूल कैथल से दिवांशी एंड ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कविता लेखन में अंजली रानी प्रथम, दिव्यांशी बंसल द्वितीय तथा कनिशा तृतीय रही। कहानी लेखन में स्नेहा प्रथम, अनु देवी द्वितीय तथा समृद्धि तृतीय रही। पेंटिग में रवीना प्रथम, मंजू रानी द्वितीय तथा उमंग तृतीय रही। भाषण में स्मृति प्रथम, नंदिनी द्वितीय तथा वरतिका तृतीय रही। विज्ञान मेला के एकल में नीरज दांगी प्रथम, निखिल द्वितीय तथा हर्ष तृतीय रहे। विज्ञान मेला समूह में अराधिका वालिया ग्रुप प्रथम, मोक्ष जांगड़ा एवं ग्रुप द्वितीय तथा हर्ष सिंगला एवं ग्रुप तृतीय रहे। लोक वाद्य यंत्र एकल में रिदम प्रथम तथा तेजवीर द्वितीय रहे। लोक वाद्य यंत्र के समूह में रोहित एंड ग्रुप प्रथम तथा सौरव एंड ग्रुप द्वितीय रहे।

# वुडस्टॉक स्कूल में मनाया गुरु प्रकाश पर्व

■ गुरु प्रीतम सिंह व अतुल चौहान रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक माहौल देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा मधुर गुरबाणी के गायन से हुई। इसके बाद स्कूल के शिक्षकों ने भी गुरु नानक देव जी की स्मृति में सुंदर शबद प्रस्तुत किए और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक शिक्षाओं को बड़े भावपूर्ण ढंग से




जींद। कार्यक्रम में मुख्यअतिथियों को सम्मानित करते हुए।

बच्चों के सामने रखा। इस विशेष अवसर पर गुरुद्वारा साहिब से बाबा गुरु प्रीतम सिंह और समाजसेवी अतुल चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बाबा गुरु प्रीतम सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी किसी एक धर्म के लिए नही बल्कि पूरी मानवता के लिए आए थे। विद्यालय के निदेशक नरेंद्र नाथ शर्मा ने अपने संदेश में बताया कि गुरु नानक देव जी द्वारा शुरू की गई लंगर की परंपरा समानता, एकता और मानवता का सबसे सुंदर उदाहरण है। प्रधानाचार्या सुकृति शर्मा और सहनिदेशक आशुतोष शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### पेंटिंग स्पर्धा आयोजित

इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर आधारित बेहद सुंदर चित्र बनाए। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश और गुरु जी की अमर वाणी के साथ हुआ। वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में मनाया गया यह गुरु प्रकाश पर्व विद्यार्थियों के मन में आध्यात्मिकता, सेवा और मानवता के मूल्यों को और अधिक मजबूत कर गया।

# जेड किंग इंस्टीट्यूट ने ओ लेवल परीक्षा में अव्वल रहने पर मनाया जश्न

■ परीक्षा में 94 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एनआईईएलआईटी के ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स के परिणाम में ज़ेड किंग इंस्टिट्यूट कैथल ने पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में संस्थान के 94 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इस शानदार उपलब्धि पर नए बस स्टैंड के पास छोटू राम चौक स्थित ज़ेड किंग इंस्टिट्यूट में बच्चों की सफलता का जश्न धूमधाम से मनाया गया। संस्थान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया,



कैथल। अव्वल परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते जेड किंग के विद्यार्थी।

जिसमें छात्रों ने ढोल की थाप पर जमकर खुशी मनाई किया और पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. बलविंदर ढुल, डायरेक्टर पूजा ढुल और प्रबंधक नरेश रविश ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। डॉ. बलविंदर ढुल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण नीति का परिणाम है।



पूंडरी। ध्रुव स्कूल में बच्चों को जानकारी देते हुए साइबर ब्रांच सदस्य विनोद कुमार।

### ध्रुव स्कूल में साइबर क्राइम पर किया जागरूक

**पूंडरी ।** ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी में मंगलवार को साइबर क्राइम ब्रांच कैथल की टीम द्वारा एक साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन के सौजन्य से किया गया। शिविर में साइबर क्राइम ब्रांच टीम के सदस्य एएसआई विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को डिजिटल और ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में डिजिटल अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। विभिन्न ऐप्स और लिंक के माध्यम से ठग लोग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदेश या कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। निधि मोहन ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी हर नागरिक के लिए आवश्यक है। स्कूल प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क और जिम्मेदार रहना चाहिए।

# डॉ. सुखदेव कुंडू को पंजाब यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन ने किया सम्मानित

■ हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य रहे हैं डॉ. कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर अपनी भूमिका अदा करते आ रहे कलायत विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता डा.सुखदेव कुंडू को पंजाब यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पंजाब यूनिवर्सिटी के ला ऑडिटोरियम चंडीगढ़ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इसमें डा.सुखदेव कुंडू को उनके पर्यावरण शासन, पारिस्थितिकी संरक्षण और जन नेतृत्व में अग्रणी योगदान के लिए जाना जाता है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान देते हुए




कलायत। चंडीगढ़ में सम्मान हासिल करते कलायत के युवा भाजपा नेता डॉ.सुखदेव कुंडू।

खास छाप छोड़ी है। इसके अलावा वे आईसीएफबीई (इंटरनेशनल सेंटर फॉर बायोमॉनिटरिंग एंड इकोटॉक्सिकोलॉजी) के अध्यक्ष भी हैं। इस तरह वे पंजाब यूनिवर्सिटी की विरासत को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने में योगदान दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शीशपाल ने बेटी गोद लेने पर किया कुआं पूजन

**राजौंद।** गांव कसान मे एक दम्पति ने 17 वर्ष के वैवाहिक जीवन के दौरान कोई भी संतान सुख न मिलने के कारण एक बेटी को गोद लिया। जिसके सम्मान मे प्राचीन परम्परा के तहत कुआ पूजन या जलवा पूजन का कार्यक्रम किया गया। जिसमे डी जे की थाप पर गांव व मोहल्ले की महिलाओं ने जमकर नाच गाना किया। कसान निवासी शारदा पत्नी शीशपाल ने बताया की 17 वर्ष के वैवाहिक जीवन के उपरांत उन्हें कोई संतान नही हुई थी जबकि उनकी चाहत शुरू से ही ये रही है लड़का चाहे न भी पैदा हो लेकिन उनके घर मे भी लक्ष्मी के रूप मे बेटी का जन्म हो जाए।

### माइक्रो टीचिंग कक्षाओं का शुभारंभ

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की माइक्रो टीचिंग कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ निर्मल सिंहरोहा ने कहा कि माइक्रो टीचिंग अध्यापक प्रशिक्षण का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है, जिसके माध्यम से छात्र-शिक्षक अपनी शिक्षण क्षमता, संप्रेषण कौशल, और अध्यापन तकनीकों को व्यवहारिक रूप में सीखते हैं।माइक्रो टीचिंग कक्षाओं में विद्यार्थियों को विभिन्न टीचिंग स्किल्स जैसे – प्रश्न पूछने की कला, ब्लैकबोर्ड, परिचय कौशल, व्याख्या कौशल, प्रोत्साहन कौशल का अभ्यास कराया जा रहा है।

### सीवन सब्जी मंडी का किया निरीक्षण

**सीवन।** सीवन मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर और वाइस-चेयरमैन विक्रम मुंजाल अंकुर ने मंगलवार को सीवन सब्जी मंडी का दौरा कर आढ़तियों और किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर की स्थिति का निरीक्षण किया और कहा कि मार्केट कमेटी आढ़तियों व किसानों की सभी आवश्यक सुविधाओं को लेकर गंभीर है। नसब्जी मंडी प्रधान पाली सैनी और संजय आहूजा शंटी ने बताया कि धान व गेहूं के सीजन के दौरान मंडी में अनाज की बोरियां रख दी जाती हैं, जिससे व्यापारियों को परेशानी आती है।

### कौशल विकास ही सफलता की कुंजी : डॉ. पूनम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज जींद की इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल एवं ईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में स्किल्स फॉर एंट्रेंप्रेनेर्स विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता संबंधी कौशलों का विकास करना एवं उन्हें नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कौशल विकास ही सफलता की कुंजी है।

### जुलाना में अब मिलेगा साफ और स्वच्छ पेयजल

**जींद।** जुलाना कस्बे में लोगों को अब स्वच्छ और बेहतर पेयजल की सुविधा मिलने जा रही है। नगर पालिका क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। इस कार्य का उद्देश्य नगरवासियों को गंदे पानी की समस्या से निजात दिलाना और हर घर तक साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। नगरपालिका चेयरमैन संजय जांगड़ा ने मंगलवार को कार्य स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना नगर के हर वार्ड तक स्वच्छ जल पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस कैंप में दूसरे दिन बच्चों ने सीखा योग

# योग से शरीर रहता है स्वस्थ और मन एकाग्र : सूर्यदेव आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग के सहयोग से व जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में मोतीलाल स्कूल में चल रहे पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस कैंप के दूसरे दिन का शुभारंभ रेडक्रॉस प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, मास्टर ट्रेनरों और बच्चों ने एकजुट होकर प्रार्थना में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ के मार्गदर्शन में किया गया। पहले सत्र में आचार्य सूर्य देव ने बच्चों को योग का महत्व समझाते हुए विभिन्न योगासन करवाए।



जींद। कैंप में योग करते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी एकाग्र करता है। नियमित योगा यास से व्यक्ति तनावमुक्त रह कर जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करता है।

### रेडक्रॉस का उद्देश्य समझाया

दूसरे सत्र में मास्टर ट्रेनर राममेहर ने रेडक्रॉस संगठन की स्थापना, उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी डयुनेट के जीवन से प्रेरणा लेते हुए बताया कि मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य है। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार देने के तरीके सिखाए। साथ ही बच्चों को नोट्स तैयार करने और सीखी गई बातों को व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित किया। तीसरे सत्र में रेडक्रॉस सचिव रवि हुड्डा ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर देता है और परिवार को भी संकट में डाल देता है। उन्होंने सभी बच्चों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई और कहा कि नशा नाश की जड़ है, इसे जड़ से समाप्त करना आवश्यक है।

### नशे के खिलाफ किया जागरूक

उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाएं और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने सभी को नशा मुक्त भारत कि शपथ दिलवाई। चौथे सत्र में मास्टर ट्रेनर उषा गुप्ता ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से किसी अंजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, जो मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने राजेश वशिष्ठ का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने अब तक 47 बार रक्तदान किया है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक मिसाल है। रेडक्रॉस प्रतिनिधि सरोज कुंडू ने बताया कि यह प्रशिक्षण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। बच्चे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नई बातें सीख रहे हैं और वे इन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर राजेश लाम्बा, सोनिया, कविता, पूजा और दीक्षा ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।